पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
——————

सर्वाइकल कैंसर व एच0पी0वी0 टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

——————

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बड़े स्तर पर जागरूकता और जानकारी का प्रचार आवश्यक

——————

शहरी क्षेत्रों के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को एच0पी0वी0 टीकाकरण के लिए प्रेरित करें

————

महिलाओं में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता जरूरी –श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

लखनऊः 09 मई, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आज डॉ0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में आयोजित सर्वाइकल कैंसर व एच0पी0वी0 टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं को आज के दौर में अधिक जिम्मेदारियां उठानी पड़ रही हैं, इसलिए उन्हें भी अपने स्वास्थ्य और पोषण युक्त भोजन के प्रति अधिक सतर्क रहना चाहिए। शरीर में कोई परिवर्तन या समस्या महसूस हो तो चिकित्सक से परामर्श अवश्य करें। इस अवसर पर लखनऊ के 17 विद्यालयों की 225 बालिकाओं का एच0पी0वी0 टीकाकरण किया गया।

राज्यपाल जी ने अपील की कि शहरी क्षेत्रों के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाये, ताकि हमारे ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को भी सर्वाइकल कैंसर के बचाव की सही जानकारी प्राप्त हो सके। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को एच0पी0वी0 टीका के लिये भी प्रेरित किया

जाये। महिला होने के नाते अपने स्वास्थ्य के प्रति स्वयं जिम्मेदार बनें, समय पर वैक्सीन भी लगवाएं, जांच कराएं, इलाज कराएं और सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ विजेता बनें।

राज्यपाल जी ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर का शुरूआती स्टेज में इलाज पूरी तरह सम्भव है। ध्यान नहीं देने पर बीमारी कैंसर में बदल जाती है। गरीब परिवार की महिलाओं के लिए यह व्यय कर पाना, पूरे परिवार के लिए समस्या हो जाती है। ऐसे में इस कैंसर से बचाव के लिए बड़े स्तर पर जागरूकता और जानकारी का प्रचार अवश्यक है।

उप मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण मंत्री श्री बृजेश पाठक ने अपने सम्बोधन में कहा कि सर्वाइकल कैंसर एक घातक बीमार है, इस बीमारी से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करना अत्यन्त आवश्यक है।

कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने पुस्तक "हैण्ड बुक ऑफ क्रिटिकल केयर" एवं "सर्वाइक कैंसर बचाव एवं रोकथाम पोस्टर" का विमोचन किया तथा संस्थान के छात्रों द्वारा सर्वाइकल कैंसर की जागरूकता पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन भी किया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा श्री आलोक कुमार, जिलाधिकारी लखनऊ श्री अभिषेक प्रकाश, डॉ0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सोनिया नित्यानन्द, श्री दिवाकर त्रिपाठी जी सहित अन्य अधिकारीगण एवं चिकित्सकगण उपस्थित थे।

राजभवन (199/08)
सम्पर्क सूत्र-9453005360

प्रदेश व देश को कैंसर मुक्त बनाना है।''
माननीय राज्यपाल महोदया आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से
डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान
द्वारा आयोजित
सर्वाइकल कैंसर व एच.पी.वी. टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम
मुख्य अतिथि
माननीया आनंदीबेन पटेल
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
विशिष्ट अतिथि

विशिष्ट अतिथि
माननीय ब्रजेश पाठक
उप–मुख्यमंत्री, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण
तथा मातृ एवं शिशु कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार
: सोमवार, दिनांक : 9 मई 2022, समय : सांय : 3:30 बजे से

माननीय राज्यपाल महोदया आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से
डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान
द्वारा आयोजित
सर्वाइकल कैंसर व एच.पी.वी. टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम
मुख्य अतिथि
माननीया आनंदीबेन पटेल
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
विशिष्ट अतिथि